राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक–367/241/एन0यू0एल0एम0/तीन/2001/ईएसटीएण्डपी/Vol-II दिनांक– 12-6-17

सेवा में,

1. **समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   उत्तर प्रदेश।
2. **परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबंधन इकाई
   उ0प्र0।

विषयः EST&P के अन्तर्गत अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन कराये जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार(EST&P) के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों को असेसमेंट के उपरान्त प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन कराया जाना है। RDAT से प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाने के पश्चात 1 माह के अंदर जॉब प्लेसमेंट एवं 3 माह के अन्दर स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।

मुख्यालय स्तर पर विगत माहों की मासिक समीक्षा में पाया गया है कि अधिकाश शहरों ने प्राप्त प्रमाणपत्रों के सापेक्ष प्रशिक्षणार्थियों का अभी तक अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन करा कर MIS पर अपलोड नहीं किया है। जिससे घटक की अपेक्षित प्रगति प्रभावित हो रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके शहरों के सभी कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं को अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन शीघ्र कराये जाने के संबंध में नोटिस जारी निर्गत करने का कष्ट करें, यह नोटिस उन्हीं संस्थाओं को जारी कि जाये जिनका लक्ष्य के सापेक्ष सेवायोजन अपूर्ण है। कौशल प्रारूप संलग्न है, जिसमें आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, NSDC, नई दिल्ली।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
3. समस्त शहर मिशन प्रबन्धक।
4. वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

EST&P के अन्तर्गत अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन हेतु कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं को जारी की जाने वाली नोटिस का सुझावनात्मक प्रारूप

सेवा में,

....(STP का नाम)

....(STP का नाम)

महोदया / महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के घटक के अन्तर्गत आपकी संस्था को वित्तीय वर्ष 2015–16 में...........................कुल लक्ष्य प्रदान किये गये। वर्तमान में आपके द्वारा MIS पर ....प्रमाण पत्र अपलोड कर दिये गये है परंतु अपलोड प्रमाण पत्र के सापेक्ष अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन के सापेक्ष..........................प्रशिक्षणार्थियों का सेवायोजन अपलोड किया गया है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि MIS पर अपलोड प्रमाण पत्रों के सापेक्ष अनिवार्य न्यूनतम 50% सेवायोजन का वितरण अनिवार्य रूप से पत्र प्राप्त होने के दिनांक से 10 दिवसों में अपलोड कराना सुनिश्चित करायें।

कौशल प्रशिक्षण प्रदाता को प्रमाण पत्र प्राप्त होने की तिथि से प्रशिक्षणार्थी को एक माह के अन्दर जॉब प्लेसमेंट एवं 3 माह के अन्दर स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण प्राप्ति कराया जाना है।

उक्त समयावधि में आपके द्वारा अगर MIS पर सेवायोजन का विवरण अपलोड नही किया जाता है तो आप पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी और आपको काली सूची में डालने की संस्तुति SULM स्तर से की जायेगी।

भवदीय

जिलाधिकारी / सिटी प्रोजेक्ट
आफिसर / परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि– मिशन निदेशक, राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी / सिटी प्रोजेक्ट
आफिसर / परियोजना निदेशक